NEERAJ®

Serving Education for Last 40 Years

# M.S.O.E.-2

# प्रवासी (डायस्पोरा) एवं पराराष्ट्रीय समुदाय

( Diaspora and Transnational Community )

**Chapter Wise Reference Book**
**Including Many Solved Sample Papers**

*Based on*

# I.G.N.O.U.

**& Various Central, State & Other Open Universities**

By: *Prabhat Kumar & Ved Prakash Sharma*

**NEERAJ PUBLICATIONS**
*(Publishers of Educational Books)*

Retail Sales Office:

1507, First Floor, Nai Sarak, Delhi - 6 | Mob.: 8510009872, 8510009878
E-mail : info@neerajbooks.com Website : www.neerajbooks.com

MRP ₹ 300/-

Published by:

**NEERAJ PUBLICATIONS**

*(Publishers of Educational Books)*

Retail Sales Office: 1507, First Floor, Nai Sarak, Delhi - 6 | Mob.: 8510009872, 8510009878

E-mail : info@neerajbooks.com Website : www.neerajbooks.com

**© Copyright Reserved with the Publishers only.**

***Reprint Edition with Updation of Sample Question Paper Only***

Typesetting by: Competent Computers, Printed at: Novelty Printing Press

*Disclaimer/T&C*

1. *For the best & up-to-date study & results, please prefer the recommended textbooks/study material only.*
2. *This book is just a Guide Book/Reference Book published by NEERAJ PUBLICATIONS based on the suggested syllabus by a particular Board/University.*
3. *These books are prepared by the author for the help, guidance and reference of the student to get an idea of how he/she can study easily in a short time duration. Content matter & Sample answers given in this Book may be Seen as the Guide/Reference Material only. Neither the publisher nor the author or seller will be responsible for any damage or loss due to any mistake, error or discrepancy as we do not claim the Accuracy of these Solutions/Answers. Any Omission or Error is highly regretted though every care has been taken while preparing, printing, composing and proofreading of these Books. As all the Composing, Printing, Publishing and Proof Reading, etc., are done by Human only and chances of Human Error could not be denied. Any mistake, error or discrepancy noted may be brought to the publishers notice which shall be taken care of in the next edition and thereafter as a good gesture by our company he/she would be provided the rectified Book free of cost. Please consult your Teacher/Tutor or refer to the prescribed & recommended study material of the university/board/institute/ Govt. of India Publication or notification if you have any doubts or confusions regarding any information, data, concept, results, etc. before you appear in the exam or Prepare your Assignments before submitting to the University/Board/Institute.*
4. *In case of any dispute whatsoever the maximum anybody can claim against NEERAJ PUBLICATIONS is just for the price of the Book.*
5. *The number of questions in NEERAJ study materials are indicative of general scope and design of the question paper.*
6. *Any type of ONLINE Sale/Resale of "NEERAJ BOOKS" published by "NEERAJ PUBLICATIONS" in Printed Book format (Hard Copy), Soft Copy, E-book on any Website, Web Portals, any Social Media Platforms – Youtube, Facebook, Twitter, Instagram, Telegram, LinkedIn etc. and also on any Online Shopping Sites, like – Amazon, Flipkart, eBay, Snapdeal, Meesho, Kindle, etc., is strictly not permitted without prior written permission from NEERAJ PUBLICATIONS. Any such online sale activity of any NEERAJ BOOK in Printed Book format (Hard Copy), Soft Copy, E-book format by an Individual, Company, Dealer, Bookseller, Book Trader or Distributor will be termed as ILLEGAL SALE of NEERAJ BOOKS and will invite legal action against the offenders.*
7. *The User agrees Not to reproduce, duplicate, copy, sell, resell or exploit for any commercial purposes, any portion of these Books without the written permission of the publisher. This book or part thereof cannot be translated or reproduced in any form (except for review or criticism) without the written permission of the publishers.*
8. *All material prewritten or custom written is intended for the sole purpose of research and exemplary purposes only. We encourage you to use our material as a research and study aid only. Plagiarism is a crime, and we condone such behaviour. Please use our material responsibly.*
9. *All matters, terms & disputes are subject to Delhi Jurisdiction only.*

**Get books by Post & Pay Cash on Delivery :**

If you want to Buy NEERAJ BOOKS by post then please order your complete requirement at our Website www.neerajbooks.com where you can select your Required NEERAJ BOOKS after seeing the Details of the Course, Subject, Printed Price & the Cover-pages (Title) of NEERAJ BOOKS.

While placing your Order at our Website www.neerajbooks.com You may also avail the "Special Discount Schemes" being offered at our Official website www.neerajbooks.com.

No need to pay in advance as you may pay "Cash on Delivery" (All The Payment including the Price of the Book & the Postal Charges, etc.) are to be Paid to the Delivery Person at the time when You take the Delivery of the Books & they shall Pass the Value of the Goods to us. We usually dispatch the books Nearly within 2-3 days after we receive your order and it takes Nearly 3-4 days in the postal service to reach your Destination (In total it take nearly 6-7 days).

## Content

# डायस्पोरा एवं पराराष्ट्रीय समुदाय

## ( Diaspora and Transnational Community )

*Question Bank – (Previous Year Solved Question Papers)*


Question Paper—June-2023 (Solved) ........ 1

Question Paper—December-2022 (Solved) ........ 1

Question Paper—Exam Held in March-2022 (Solved) ........ 1

Question Paper—Exam Held in August-2021 (Solved) ........ 1

Question Paper—Exam Held in February-2021 (Solved) ........ 1

Question Paper—December, 2019 (Solved) ........ 1-2

Question Paper—June, 2019 (Solved) ........ 1-2

Question Paper—December, 2018 (Solved) ........ 1-2

Question Paper—June, 2018 (Solved) ........ 1

Question Paper—December, 2017 (Solved) ........ 1

Question Paper—June, 2017 (Solved) ........ 1


| S.No. | Chapterwise Reference Book | Page |
|---|---|---|

## डायस्पोरा और पारराष्ट्रीय समुदाय


**डायस्पोरा की व्याख्या ( Explaination of the Diaspora )**

1. भारतीय डायस्पोरा और पारराष्ट्रीय (ट्रांसनेशनल) अध्ययनों की संकल्पना संबंधी बोध ........ 1
( Indian Diaspora and Concept Related to Perception of International Studies )

2. भारतीय डायस्पोरा के अध्ययन के उपागम ........ 8
( Theories of the Study of Indian Diaspora )

3. विश्व के डायस्पोरा समुदाय ( Diaspora Communities of World ) ........ 15

**भारतीय डायस्पोरा की यात्रा ( The Journey of Indian Diaspora )**

4. विदेश में भारतीयों का प्रवास एवं अधिवास ........ 24
( Migration and Domicile of Indians in Foreign )

| S.No. | Chapterwise Reference Book | Page |
|---|---|---|


5. औपनिवेशिक शासन के दौरान भारतीय उत्प्रवास ........ 30
( Indian Emigration during Colonial Rule )

6. स्वतंत्रता-पश्चात प्रवास के पैटर्न ( Patterns of Migration after Independence ) ........ 36

**भारतीय डायस्पोरा की रूपरेखा ( Design of Indian Diaspora )**

7. कैरीबिया में भारतीय ( Indians in Carebia ) ........ 44

8. अफ्रीका में भारतीय डायस्पोरा ( Indian Diaspora in Africa ) ........ 49

9. दक्षिण और दक्षिण-पूर्व एशिया में भारतीय डायस्पोरा ........ 56
( Indian Diaspora in South and South-East Asia )

10. यूरोप में भारतीय डायस्पोरा ( Indian Diaspora in Europe ) ........ 61

11. नई दुनिया : उत्तरी अमेरिका में भारतीय डायस्पोरा ........ 67
(New World: Indian Diaspora in Northern America)

**स्थानीय शासन के प्रकार ( Types of Local Government )**

12. आस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड और फिजी में भारतीय डायस्पोरा ........ 73
( Indian Diaspora in Australia, Newzealand and Fiji )

13. पश्चिम एशिया में भारतीय डायस्पोरा ( Indian Diaspora in West Asia ) ........ 80


## प्रवासी और पराराष्ट्रीय समुदाय


**भारत और भारतीय प्रवासी समुदाय : अनुबंधन एवं नीतियां**
**( India and Indian Migrant Communities: Contract and Policies )**

14. आप्रवासी एवं उत्प्रवासी नीतियां तथा उनके निहितार्थ ........ 88
( Migrants and Emigrants Policies and their Context )

15. भारतीय राज्य तथा प्रवासी समुदाय ( Indian State and Migrant Communities ) ........ 97

16. भारतीय प्रवासियों के मध्य सामाजिक-सांस्कृतिक अनुबंधन ........ 105
( Socio-Cultural Contract among Indian Migrants )

| S.No. | Chapterwise Reference Book | Page |
|---|---|---|


17. भारतीय प्रवासी समुदाय : जन्मभूमि अनुबंधन ........ 112
( Indian Migrant Communities : Motherland Contract )

18. साइबरस्पेस में भारतीय प्रवासी समुदाय ........ 119
( Indian Migrated Communities in Cyberspace )

**भारत और भारतीय प्रवासी समुदाय : प्रतिरूप एवं अवबोधन**
**( India and Indian Migrant Communities: Representation and Awakening )**

19. फिल्में ( Films ) ........ 125

20. भारतीय आप्रवासीय लेखन ( Writings on Indian Migrants ) ........ 131

21. प्रचलित अवबोधन ( Understanding in Vogue ) ........ 137

**पहचान, राष्ट्र-राज्य एवं पराराष्ट्रीय समुदाय**
**( Identity, Nation-State and Transnational Communities )**

22. पहचान, राष्ट्र-राज्य एवं प्रवासी समुदाय ........ 143
( Identity, Nation-State and Migrant Communities )

23. उपराष्ट्रीय पहचान तथा प्रवासी समुदाय ........ 148
( Sub-National Identity and Migrant Communities )

24. भूमण्डलीकरण, राष्ट्रीयकरण और पराराष्ट्रीय समुदाय ........ 153
( Globalization, Nationalisation and Transnational Communities )


■■

# Sample Preview of the Solved Sample Question Papers

*Published by:*

NEERAJ PUBLICATIONS
www.neerajbooks.com

# QUESTION PAPER

*June – 2023*

*(Solved)*

## प्रवासी (डायस्पोरा) एवं पराराष्ट्रीय समुदाय

**(Diaspora and Transnational Community)**

**M.S.O.E.-2**

*समय : 3 घण्टे ]* *[ अधिकतम अंक : 100*

***नोट :** किन्हीं **पाँच** प्रश्नों के उत्तर दीजिए। सभी प्रश्नों के अंक समान हैं।*

**प्रश्न 1. भारतीय डायस्पोरा के अध्ययन संबंधी दृष्टिकोणों की चर्चा कीजिए।**

**उत्तर–संदर्भ**–देखें अध्याय-1, पृष्ठ-3, 'भारतीय डायस्पोरा के अध्ययन के परिप्रेक्ष्य'

**प्रश्न 2. चीनी और अफ्रीकी डायस्पोरा के अंतर की जांच कीजिए।**

**उत्तर–संदर्भ**–देखें अध्याय-3, पृष्ठ-20, 'चीनी डायस्पोरा' तथा पृष्ठ-21, 'अफ्रीकी डायस्पोरा'

**प्रश्न 3. डायस्पोरा के अध्ययन में नृजातीय परिप्रेक्ष्य का आलोचनात्मक विश्लेषण कीजिए।**

**उत्तर–संदर्भ**–देखें अध्याय-1, पृष्ठ-1, 'परिचय' तथा पृष्ठ-4, 'जातीय अधिगम'

**प्रश्न 4. अपने डायस्पोरा पर भारतीय राज्य के उद्विकास के नजरियों की चर्चा कीजिए।**

**उत्तर–संदर्भ**–देखें अध्याय-22, पृष्ठ-143, 'परिचय' तथा पृष्ठ-146, 'राष्ट्र-राज्य सीमापार पहचान'

**प्रश्न 5. यहूदी डायस्पोरा की प्रकृति का वर्णन कीजिए।**

**उत्तर–संदर्भ**–देखें अध्याय-3, पृष्ठ-19, 'यहूदी डायस्पोरा'

**प्रश्न 6. मूल देशों में मुद्दा-आधारित उत्प्रवासन नीतियों की प्ररूपता (typology) की चर्चा कीजिए।**

**उत्तर–संदर्भ**–देखें अध्याय-14, पृष्ठ-90, 'मूल राष्ट्रों में विषय आधारित अप्रवासी नीतियों के प्रारूप'

**प्रश्न 7. प्रवासी भारतीयों (एन.आर.आई.) पर भारतीयों के नजरियों की जांच कीजिए।**

**उत्तर–संदर्भ**–देखें अध्याय-21, पृष्ठ-140, 'भारत की विदेश में बसे भारतीयों के विषय में सोच' तथा अध्याय-6, पृष्ठ-39, '*(ii)* एन.आर.आई (अनिवासी भारतीय)'

**प्रश्न 8. साइबरस्पेस में भारतीय डायस्पोरा की प्रकृति की चर्चा कीजिए।**

**उत्तर–संदर्भ**–देखें अध्याय-18, पृष्ठ-119, 'साइबरस्पेस की परिभाषा' तथा पृष्ठ-220, 'आभासी समुदायों को समझना', पृष्ठ-121, 'भारतीय अंकीय (Digital) डायस्पोरा'

**प्रश्न 9. वैश्वीकरण के युग में डायस्पोरा के महत्त्व की जांच कीजिए।**

**उत्तर–संदर्भ**–देखें अध्याय-1, पृष्ठ-1, 'पारराष्ट्रीय, भूमंडलीकरण और डायस्पोरा'

**प्रश्न 10. वैश्वीकरण, राष्ट्रवाद और अस्मिता के मुद्दे के बीच के संबंध की व्याख्या कीजिए।**

**उत्तर–संदर्भ**–देखें अध्याय-22, पृष्ठ-144, 'भूमण्डलीकरण : पराराष्ट्रीय नेटवर्क और अस्मिताएं' तथा अध्याय-24, पृष्ठ-154, 'राष्ट्रवाद'

■■

NEERAJ PUBLICATIONS www.neerajbooks.com

# QUESTION PAPER

*December – 2022*

*(Solved)*

## प्रवासी ( डायस्पोरा ) एवं पराराष्ट्रीय समुदाय

**(Diaspora and Transnational Community)**

**M.S.O.E.-2**

*समय : 3 घण्टे ]* *[ अधिकतम अंक : 100*

***नोट :*** *किन्हीं* ***पाँच*** *प्रश्नों के उत्तर दीजिए। सभी प्रश्नों के अंक समान हैं।*

**भाग – क**

**प्रश्न 1. डायस्पोरा की संकल्पना और पराराष्ट्रीयता से इसके संबंध की व्याख्या कीजिए।**

**उत्तर–संदर्भ–**देखें अध्याय-1, पृष्ठ-6, प्रश्न 5, पृष्ठ-1, 'पराराष्ट्रीयता, भूमण्डलीकरण और डायस्पोरा'

**प्रश्न 2. भारतीय उत्प्रवास के पैटर्नों की व्याख्या कीजिए।**

**उत्तर–संदर्भ–**देखें अध्याय-4, पृष्ठ-26, 'भारतीय उत्प्रवास के पाँच पैटर्न'

**प्रश्न 3. यहूदी डायस्पोरा पर एक निबंध लिखिए।**

**उत्तर–संदर्भ–**देखें अध्याय-3, पृष्ठ-19, 'यहूदी डायस्पोरा'

**प्रश्न 4. क्या उत्प्रवास और आप्रवास संबंधी नीतियाँ प्रवसन पैटर्नों को प्रभावित करती हैं? भारतीय डायस्पोरा को ध्यान में रखते हुए स्पष्ट कीजिए।**

**उत्तर–संदर्भ–**देखें अध्याय-14, पृष्ठ-90, 'मूल राष्ट्रों में विषय आधारित उत्प्रवासी नीतियों के प्रारूप', पृष्ठ-93, 'भारत एवं विश्व में नीति परिवर्तन : स्मरण योग्य सीख

**प्रश्न 5. भारतीय डायस्पोरा-मातृभूमि संबंधों को गतिशीलता प्रदान करने हेतु नीति संबंधी कौन-सी प्रमुख पहल (initiatives) की गई हैं? व्याख्या कीजिए।**

**उत्तर–संदर्भ–**देखें अध्याय-17, पृष्ठ-117, प्रश्न 1, पृष्ठ-118, प्रश्न 5

**भाग – ख**

**प्रश्न 6. खाड़ी के देशों में भारतीय-आप्रवासन की प्रकृति की चर्चा कीजिए।**

**उत्तर–संदर्भ–**देखें अध्याय-13, पृष्ठ-80, 'खाड़ी क्षेत्र में भारतीय', पृष्ठ-87, प्रश्न 2

**प्रश्न 7. उप-राष्ट्रीय अस्मिताओं के रूप में पंजाबी और गुजराती डायस्पोरा की स्थितियों की तुलना कीजिए।**

**उत्तर–संदर्भ–**देखें अध्याय-23, पृष्ठ-149, 'भारतीय प्रवासी समुदाय : क्षेत्रीय आयाम'

**प्रश्न 8. पराराष्ट्रीयता की संकल्पना एवं रूपरेखा की व्याख्या कीजिए।**

**उत्तर–संदर्भ–**देखें अध्याय-24, पृष्ठ-155, 'पराराष्ट्रवाद'

**प्रश्न 9. यूनाइटेड किंगडम में भारतीय डायस्पोरा की स्थिति की चर्चा कीजिए।**

**उत्तर–संदर्भ–**देखें अध्याय-10, पृष्ठ-64, 'यू.के. में भारतीय डायस्पोरा : एक अध्ययन'

**प्रश्न 10. संयुक्त राज्य अमेरिका में भारतीय डायस्पोरा फाउंडेशन की प्रक्रिया का वर्णन कीजिए।**

**उत्तर–संदर्भ–**देखें अध्याय-11, पृष्ठ-69, 'संयुक्त राज्य अमेरिका में भारतीय डायस्पोरा', पृष्ठ-70, 'संयुक्त राज्य अमेरिका में भारतीय डायस्पोरा की रूपरेखा'

NEERAJ PUBLICATIONS www.neerajbooks.com

# Sample Preview of The Chapter

*Published by:*

NEERAJ PUBLICATIONS
www.neerajbooks.com

# डायस्पोरा और पारराष्ट्रीय/पराराष्ट्रीय समुदाय

# (Diaspora and Transnational Community)

## डायस्पोरा और पारराष्ट्रीय समुदाय

### डायस्पोरा की व्याख्या

### *(Explaination of the Diaspora)*

NEERAJ PUBLICATIONS www.neerajbooks.com

## भारतीय डायस्पोरा और पारराष्ट्रीय (ट्रांसनेशनल) अध्ययनों की संकल्पना संबंधी बोध

## (Indian Diaspora and Concept Related to Perception of International Studies)

1

### परिचय

पारराष्ट्रीयता की परिघटना भूमंडलीय प्रक्रिया की ही एक शाखा है, जिसमें मातृदेश से पहले की अपेक्षा अधिक वास्तविक एवं आभासी, अधिक दृढ़ और द्रुतगामी संबंध बना लिए हैं। इसने पुराने डायस्पोरा जिनका पहले अपने मातृदेश से कुछ हद तक संबंध विच्छेद हो गया था, को पुनः उनके मातृदेश से निरन्तर सम्पर्क मे ला दिया है। प्रस्तुत अध्याय में उन मौलिक संकल्पनाओं, परिप्रेक्ष्यों और उपागमों की चर्चा की गई है जिनका विद्वानों ने डायस्पोरा के अध्ययन के लिए सामान्य रूप से प्रयोग किया है। इसके अन्तर्गत डायस्पोरा की स्थितियों का विश्लेषण मुख्य रूप से भारतीय डायस्पोरा के सन्दर्भ में एक बृहत सैद्धान्तिक ढाँचे के तहत किया गया है।

### अध्याय का विहंगावलोकन

#### पारराष्ट्रीयता, भूमंडलीकरण और डायस्पोरा

पारराष्ट्रीय प्रवास को प्रवास के ऐसे स्वरूप के रूप में परिभाषित किया जाता है, जिसमें यद्यपि व्यक्ति अन्तर्राष्ट्रीय सीमाओं के पार चले जाते हैं और नए देशों में बस जाते हैं तथा वहाँ सामाजिक संबंध बना लेते हैं, लेकिन फिर भी उस राष्ट्र से सामाजिक संबंध बनाए रखते हैं, जिसके वे मूल निवासी होते हैं। वे अन्तर्राष्ट्रीय सीमाओं के पार भी पारराष्ट्रीय सामाजिक क्षेत्र में रहते हैं। यद्यपि समुदाय अपने घर अथवा देश से बाहर चले जाते हैं फिर भी डायस्पोरा संबंध बनाए रखते हैं। सीमाओं से बाहर रहकर वे वास्तव में पारराष्ट्रीय हो जाते हैं। डायस्पोरा का

www.neerajbooks.com



पारराष्ट्रीय गुण भूमण्डलीकरण की प्रक्रिया का एक महत्त्वपूर्ण परिणाम है।

भूमंडलीकरण भूमंडलीय बाजार, भूमंडलीय संचार और भूमंडलीय नेटवर्क को अनिवार्य बनाता है। भूमंडलीकरण की सीमा के अन्तर्गत विकास की सभी अवस्थाओं से संबद्ध समाज इस तरह आते हैं कि विश्व पहले से अधिक परस्पर संबंधित हो गया है और विश्व के किसी भी हिस्से में घटने वाली घटनाओं का विश्व के अन्य हिस्सों पर प्रभाव पड़ता है। भूमंडलीकरण की प्रक्रिया मुख्य रूप से तीन क्रियाओं द्वारा संचालित होती है–*(i)* बाजार *(ii)* नई प्रौद्योगिकी और *(iii)* पारराष्ट्रीय नेटवर्क।

बाजार की शक्तियाँ सैद्धान्तिक रूप से मुक्त और निष्पक्ष प्रतिस्पर्धा पर निर्भर करती हैं, लेकिन व्यापार में संरक्षणात्मक नीतियाँ, परिवर्तनशीलता और अल्पावधि पूँजी-प्रवाह के नकारात्मक प्रभावों एवं अन्तर्राष्ट्रीय निवेश समझौतों में पूर्वाग्रह से ग्रसित हो जाते हैं। ऐसी स्थिति में विकसित और विकासशील देशों के बीच का अन्तर बढ़ने लगता है।

क्लिफोर्ड के अनुसार अपने वास्तविक (गतिशील) और आभासी (दूरसंचार) दोनो अर्थों में डायस्पोरा यात्रा से संबंधित है और यह यात्रा विभिन्न रूपों में है–वास्तविक रूप से बहुत तेज और बार-बार यात्रा की क्षमता और आभासी रूप से यात्रा करने की क्षमता, जिसने डायस्पोरा को वर्तमान समय और युग का बाध्यकारी विषय बना दिया है। इसमें नई प्रौद्योगिकी विशेष रूप से सूचना प्रौद्योगिकी (आई.टी.) ने उत्प्रेरक की भूमिका निभाई है। सूचना प्रौद्योगिकी बहुत ही परिवर्तनशील है और इसके माध्यम से पूँजी का उपार्जन एवं मात्रा को तीव्रता के साथ विश्व स्तर पर संचरित और संचित किया जा सकता है। यह उपनिवेशवादी अर्थव्यवस्था से इस मामले में भिन्न है कि अब पूँजी ही श्रम का पीछा कर रही है न कि श्रम पूँजी का। भूमंडलीकरण और प्रवास के सम्पर्क में नई अर्थव्यवस्था की अन्तर्राष्ट्रीय श्रम प्रणाली को समझना जरूरी है।

ताम्बिया के अनुसार विश्लेषण के उद्देश्य से नेटवर्क को दो वर्गों में विभाजित किया जा सकता है–*(i)* ऊर्ध्वाधर नेटवर्क और *(ii)* पार्श्व नेटवर्क। ऊर्ध्वाधर नेटवर्क पोषी समाजों में बनते हैं जब समुदाय स्वेच्छा से या बलपूर्वक एक साथ आते हैं, जिससे भेदभाव से लड़कर और अधिक रूप से सफल होने के लिए विचार-विमर्श की नीतियाँ बनाई जा सके। पार्श्व नेटवर्क को दो भागों में विभाजित किया जा सकता है–(क) पोषी समाज और उत्पत्ति के समाज/मातृभूमि के बीच, (ख) पारराष्ट्रीय भूमंडलीय नेटवर्क, जहाँ पूरे विश्व के डायस्पोरा एक-दूसरे से संवाद करते हैं और विशेष तौर पर मीडिया एवं यात्रा के द्वारा पारराष्ट्रीय संबंध बनाए जाते हैं।

डायस्पोरा, डायस्पोरिक, डायस्पोरिज्म जैसे शब्दों के उपयोग की इस आधार पर आलोचना की जाती है कि सांस्कृतिक रूप से विशिष्ट, जैसे-यहूदी अथवा ग्रीक का सामान्यीकरण और सार्वभौमीकरण अनैतिक प्रक्रियाएँ हैं। विशेष तौर पर यह तर्क प्रस्तुत किया जाता है कि सामान्य डायस्पोराओं का मातृभूमि अथवा दोषी समाजों में उत्पीड़न जो यहूदी डायस्पोरा में बार-बार दिखाई देता है, वह शासक ऐंग्लो-सैक्सन अल्पसंख्यक अधिवासी समाजों, जैसे–आस्ट्रेलिया या दक्षिण अफ्रीका में या तो दिखाई नहीं पड़ता या दिखाई पड़ता है। सैफ्रन ने अपने छः सूत्री मॉडल में डायस्पोरा की निम्नलिखित विशेषताएं बताई हैं–

*(i)* मातृदेश से बाहर विस्तार,

*(ii)* सामूहिक स्मृति का स्थायी रहना,

*(iii)* मातृदेश का दर्शन अथवा पौराणिक कथा,

*(iv)* पोषी समाज में आंशिक (कभी भी पूर्ण नहीं) समांगीकरण,

*(v)* मूल देश में वापस लौटने की आदर्श इच्छा,

*(vi)* देश के पुनरुद्धार की वांछनीय प्रतिबद्धता,

*(vii)* मातृदेश से संबंधों को जोड़ने का सतत प्रयास।

टोलोलियन डायस्पोरा की व्यापक समावेशकारी परिभाषा देते हुए कहते हैं कि "अप्रवासी, निष्कासित, शरणार्थी, अतिथि कार्यकर्ता, प्रवासी समुदाय, विदेशी समुदाय और जातीय समुदाय डायस्पोरा के अर्थ क्षेत्र में आते हैं।" वान हियर डायस्पोरा की संक्षिप्त परिभाषा देते हुए कहते हैं कि इसके "मूल मातृभूमि देश से दो या अधिक स्थान पर प्रसार, मातृभूमि और नए पोषी समाज के बीच आगमन और डायस्पोरा समुदाय के बीच अथवा उनके मध्य सामाजिक, सांस्कृतिक अथवा आर्थिक आदान-प्रदान सम्मिलित हैं।'' प्रवासी भारतीयों के सन्दर्भ में हेन्सन जैसे लेखकों ने दक्षिण अफ्रीकी भारतीय के लिए 'डायस्पोरा' शब्द की अनुपयुक्तता का एकदम विपरीत कारण बताया है। उनके अनुसार भारतीय मूल के लिए आतुरता और

NEERAJ PUBLICATIONS www.neerajbooks.com

www.neerajbooks.com

आर्थिक और राजनैतिक। सांस्कृतिक रूप से बहुल समाज में असम्बद्ध और असंगत सांस्कृतिक वर्ग होते हैं, जिनके बीच संवाद बाधित होता है। आर्थिक रूप से, सांस्कृतिक वर्गों के बीच संबंध बाजार से संबद्ध होते हैं। राजनैतिक रूप से, इस प्रकार का बहुल समाज केवल बाहरी औपनिवेशिक शक्ति द्वारा शासित होने के कारण एकजुट होता है।

आर.के. जैन का कहना है कि बहुल समाज की संकल्पना जिस अर्थ में फर्नीवाल द्वारा इस्तेमाल की गई है वह, केवल ''अधिवासी समाजों'' पर ही लागू होता है, न कि सभ्यताओं पर। वास्तव में एम.जी. स्मिथ ने बहुल समाज के सिद्धान्त को आधुनिक औपनिवेशिक स्थितियों और यूरोपीय औद्योगिक विस्तार एवं अहस्तक्षेप पूँजीवाद के युग तक सीमित कर दिया है। स्मिथ ने इस सिद्धान्त को कैरीबियाई समाज के सन्दर्भ में विकसित किया था। आगे चलकर यह सिद्धांत बहुजातीय समुदायों के अध्ययन तक सीमित रह गया। बहुलवाद को संरचना और संस्कृति दोनों के अर्थ में, ''एक ऐसी सामाजिक संरचना, जिसकी पहचान मौलिक असातत्य और विघटनों द्वारा और क्रमबद्ध संस्थागत विविधता पर आधारित सांस्कृतिक संकुल'' के एक ही साथ लक्ष्यार्थ के रूप में परिभाषित की गई थी। संरचनात्मक बहुलवादी और विभेदी समावेश वाले समाज में स्थिरता और एकता प्रभावी समूह द्वारा बनाए रखी जाती थी। प्रभाव समूह सांस्कृतिक दृष्टि से अल्पसंख्यक होता था।

कैरीबियाई लोगों के संबंध में बहुल समाज संरचना की कुछ सीमाएं हैं। आर.टी. स्मिथ के अनुसार कैरीबियाई समाज अपनी जाति और उपभोग के स्तरों एवं संस्कृति की विविधताओं के बावजूद बहुल समाजों के सर्वाधिक खराब उदाहरण हैं।'' वस्तुतः औपनिवेशिक शासन ने ऐसी स्थितियाँ पैदा कर दी थीं जो कैरीबियाई समाज के विभिन्न वर्गों को एक साथ जोड़े हुए थी। क्षेत्रीय उप-सांस्कृतिक अन्तर स्पष्ट नहीं था और प्रत्येक भाग केवल बाजार-क्षेत्र और आर्थिक प्रतिस्पर्धा के क्षेत्र में अलग था। दूसरी ओर फिजी बहुल समाज को परिप्रेक्ष्य के अधिक निकट है।

**(4) जातीय अधिगम**–जयवर्द्धने ने गुयाना और फिजी में संस्कृति के विविध रूपों के प्रश्न को जातीयता के मानदण्डों से देखा है। जातीय अधिगम, प्रस्थिति और शक्ति के संबंधों को व्याख्यात्मक प्रमुखता प्रदान करता है और जातीयता को इन कारणों से उत्पन्न होने के रूप में देखता है। जातीयता क जातीयता के रूप में निरूपित किया गया था और उसका अस्तित्व प्रसंगवश तथा राजनैतिक एवं ऐतिहासिक शक्ति के विशेष संयोजन पर निर्भर था। गुयाना में भारतीय आबादी पारस्परिक भारतीय संस्कृति के मूल सिद्धान्तों को छोड़कर सब कुछ भूल चुकी थी। फलस्वरूप उन्हें काल्पनिक पहचान का तांना-बाना बुनने के लिए बाध्य होना पड़ा। यही कारण है कि इंडो-गुयानी लोगों में जातीय पहचान और जातीयता दोनों देखने को मिलते हैं वहीं फिजी में भारतीय आबादी में जातीय पहचान पाई जाती है, लेकिन जातीयता नहीं। इसका मुख्य कारण यह है कि भारतीयों ने अपनी मातृभूमि यानी भारत से लगातार सम्पर्क बनाए रखा और अपनी भारतीय पहचान को अपने जीवन का नियमित अंग मानते हैं। इस प्रकार जातीयता ने गुयाना में स्वयं को अभिव्यक्त किया है लेकिन फिजी में नहीं, क्योंकि वहाँ वर्ग, प्रस्थिति और शक्ति में ऐतिहासिक रूप निर्धारित है तथा महत्त्वपूर्ण अन्तर कायम है।

डूमोन्ड ने जयवर्द्धने के दृष्टिकोण की आलोचना करते हुए कहा है कि इसमें जातीयता को व्याख्यात्मक संकल्पनाओं के क्षेत्र में द्वितीयक प्रस्थिति प्रदान की गई है। उनका कहना है कि वर्ग और जातीयता अनेक सामाजिक व्यवस्थाओं के पहलू हैं और इसलिए वर्ग को जातीयता के ऊपर प्राथमिकता नहीं दी जा सकती। जयवर्द्धने के दृष्टिकोण की एक सीमा यह है कि यह विश्लेषणात्मक होने की जगह वर्णनात्मक है।

डूमोन्ड ने गुयाना में जातीय श्रेणियों से संबद्ध प्रतीकात्मक प्रक्रियाओं के मानव जाति संबंधी अध्ययन में भाषा/सांस्कृतिक मॉडल का उपयोग किया है। उनके विचार में जिस प्रकार अनेक भाषाओं के सह-अस्तित्व से क्रिओल (जाति संकर) भाषाएँ बन गईं, उसी प्रकार विभिन्न संस्कृतियों के सह-अस्तित्व से क्रिओल (जाति संकर) संस्कृतियाँ निर्मित हो गईं। परिणामस्वरूप अन्तर-प्रणालियों अथवा सांस्कृतिक सातत्यक पर आधारित समाज निर्मित हो गया, जिसके किसी विशेष संस्कृति का कोई भी घटक एक-दूसरे को अलग करता है।

**(5) राजनैतिक-आर्थिक परिप्रेक्ष्य**–जॉन रेक्स जैसे समाजशास्त्री का कहना है कि 19वीं शताब्दी के भारतीयों के आप्रवासन और 20वीं शताब्दी के औद्योगिक रूप से विकसित देशों के प्रवासों के बीच एक सततता है। वर्तमान समय में

NEERAJ PUBLICATIONS www.neerajbooks.com

www.neerajbooks.com




नस्लीय अवरोध अविकसित देशों से महानगरीय देशों में श्रमिकों के आवगमन को नियंत्रित करते है। दूसरे शब्दों में, अल्पविकसित देशों में प्रवासियों को वह समान परिस्थिति प्रदान नहीं किया जाता है जो स्वयं महानगरीय देशों में भिन्न नस्ल के श्रमिकों को दिया जाता है, हालांकि वे एक ही आर्थिक वर्ग के होते हैं। सामान्य रूप में यह साम्राज्यवाद और उपनिवेशवाद की विश्वव्यापी प्रघटना द्वारा संचालित प्रक्रिया है जो 17वीं शताब्दी में प्रचलित थी, लेकिन उसके प्रभाव आज भी महसूस किए जा रहे हैं। अल्पविकास के विकास के सिद्धान्त के सिद्धान्तकार भी इन्हीं आधारों पर तर्क प्रस्तुत करते हैं। वे प्रवास, अधिवास और विदेशों में भारतीय समुदायों के निर्माण की प्रघटना को वैश्विक नजर से देखते हैं। इन सिद्धान्तकारों में सर्वप्रमुख बेकफोर्ड हैं। बेकफोर्ड ने एशिया और लैटिन अमेरिका में उष्णकटिबंधीय क्षेत्रों के औपनिवेशिक प्रदेशों में बगान की आर्थिक संरचना के निर्धारक प्रभाव का विश्लेषण किया है।

गुंडर फ्रैंक, वालरस्टीन और एलीन जैसे सिद्धान्तकारों ने पूँजीवाद के वैश्विक विकास के केन्द्र परिधि मॉडल (Core periphary Model) के सन्दर्भ में तर्क दिया है। इस दृष्टि से यह प्रतीत होगा कि 19वीं शताब्दी और उससे भी पहले की कुछ भू-राजनैतिक बाधाओं ने विश्व भर में असमान क्षेत्रीय आर्थिक विकास को आकार प्रदान किया। इस परिप्रेक्ष्य में, भारतीय डायस्पोरा विश्व जनसंख्या का विशेष रूप से अल्पविकसित और वंचित वर्ग प्रतीत होता है।

## लगाव और जुड़ाव :

## डायस्पोरा की 'मध्यवर्ती' अवस्था

भूमंडलीकरण की प्रक्रिया के कारण विश्व में बढ़ते प्रवास से सभी स्थानों पर अनेक जगहों के लोग होते हैं, जो किसी मायने में सब जगह हैं और कहीं भी नहीं हैं। वे अपने पोषी देश के नागरिक हो सकते हैं, लेकिन उनकी पहचान उनके उत्पत्ति के देश से होती है। वे भले ही अपने गृहदेश की जड़ों एवं परम्पराओं से दूर रहते हैं, लेकिन अपने प्रवास के देश में जातीय समुदाय के रूप में सचेतन रूप से उससे जुड़े रहते हैं। इस प्रकार वे आसानी से लगाव और जुड़ाव के बीच की 'मध्यवर्ती' अवस्था में रहते हैं। भूमंडलीकरण और पारराष्ट्रीयता विक्षेत्रीकरण और पुनःक्षेत्रीकरण, जो अन्तर्राष्ट्रीय प्रवासन से संबंधित है, के मुद्दों पर सचेत करते हैं। इन प्रक्रियाओं में फंसे व्यक्तियों की 'मध्यवर्ती' पहचान की समस्याएं महत्त्वपूर्ण हैं। अतः राष्ट्रीय राज्यों के बीच, मातृभूमि, देश और नए समाजों के बीच, दोहद और हद के बीच गैर-आधुनिक सभ्यताओं और ज्ञानोदय के बाद के अधिवास समाजों के बीच, दो अथवा बहुल नागरिकता के बीच के व्यक्ति मध्यवर्ती अवस्थाओं के इन अन्वेषणात्मक द्विभाजनों के बीच फँसे हैं। इसी अन्तर को सर्वप्रथम विजय मिश्रा ने 1995 में उजागर किया था। आगे चलकर मंक क्रिओन ने भी स्पष्ट किया। आर.के. जैन ने इसे अफ्रीकी, चीनी, भारतीय और यहूदी डायस्पोरा के सन्दर्भ में विस्तृत रूप से बताया है।




भारतीय सन्दर्भ में डायस्पोरा अभिकल्पना और भूमंडलीय नेटवर्क के बीच परस्पर अन्तर क्रियात्मक संबंध है। डायस्पोरा की अभिकल्पनाओं में व्यक्तिनिष्ठ रूप में पहचान के प्रश्न को एम्सेल की सिखों की पुस्तक में यू.के. और यू.एस.ए. के और संध्या शुक्ला और नीना वर्बनर की पुस्तक में मैनचेस्टर में बसे पाकिस्तानी मुस्लिमों को प्रमुखता प्रदान की गई है। नागरिकता के सामाजिक विधिक पहलुओं के संबंध में पहचान का प्रश्न उन लोगों की कृतियों में देखने को मिलता है, जिनकी नेटवर्कों में रुचि है, जैसे टेम्ब्स-लाइच का गुजरातियों पर, मार्कोविट्स का सिंधियों पर, जिआंग-बिआओ और वोइट ग्राफ का ऑस्ट्रेलिया में भारतीय आई.टी. विशेषज्ञों पर दोनों ही घटनाओं के लेखकों की डायस्पोरा के पारराष्ट्रीय आयाम में रुचि है। इनमें प्रथम, विशिष्ट डायस्पोरा क्षेत्र को स्पष्ट करने के प्रयासों में विक्षेत्रीकरण के साथ-साथ पुनर्क्षेत्रीकरण के संबंध में भी बात करता है। दूसरा, राष्ट्र-राज्यों के साथ जातीयता अन्तरफलक से अधिक संबंध रखता है।

www.neerajbooks.com